भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए ''वैविध्यपूर्ण नेतृत्व का विकास: समाज निर्माता के रूप में नेतृत्व''विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ।

नई दिल्ली, 10 अगस्त, 2016:भा.वि.प्रा. ने ''वैविध्यपूर्ण नेतृत्व का विकास: **समाज निर्माता** के रूप में नेतृत्व''विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया । यह कार्यशाला भारत में उच्च स्तरीय प्रबंधन शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य वाले आई आई एल एम संस्थान के सहयोग से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में आयोजित की गई जिसका लक्ष्य वरिष्ठ स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से गुण संवर्द्धन करना था । इस कार्यशाला में कार्यपालक निदेशक, महाप्रबंधक तथा संयुक्त महाप्रबंधक स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया ।

कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई ए एस, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने किया । श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) ने विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर होल्गर ब्रायल, जियोटंग- लीवरपूल विश्वविद्यालय, चीन,डॉ. स्मिता गिरिजा, निदेशक, आई आई एल एम एवं प्रतिभागी अधिकारियों का स्वागत किया तथा कहा कि इस कार्यशाला से वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों को दैनंदिन के निर्णय लेने तथा समस्याएं सुलझाने में अत्यधिक सहायता मिलेगी

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787
सं. 29/2016-17

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई ए एस, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (केन्द्र में) 10 अगस्त, 2016 को राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में भा.वि.प्रा. के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आयोजित ''वैविध्यपूर्ण नेतृत्व विकास: **समाज निर्माता** के रूप में नेतृत्व''विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए । चित्र में साथ में हैं: (बाएं से दाएं) डॉ. स्मिता गिरिजा, निदेशक, आई आई एल एम, प्रोफेसर होल्गर ब्रायल, जियोटंग- लीवरपूल विश्वविद्यालय, चीन,श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भा.वि.प्रा. तथा श्री ए.के. दत्ता, सदस्य (ए एन एस)